गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2019 09.08.2019

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही हेतु गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की विशिष्टताओं से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

तिमाही-दर-तिमाही आधार पर वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में गेल का कर पश्चात लाभ 15% की बढ़ोतरी के साथ 1,288 करोड़ रुपए हुआ

कर पूर्व लाभ 14% की बढ़ोतरी के साथ 1,981 करोड़ रुपए हुआ ; सकल मार्जिन 8% की बढ़ोतरी के साथ 2,410 करोड़ रुपए रहा

नई दिल्ली, अगस्त 9, 2019 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2018-19 की अंतिम तिमाही की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में कर पश्चात लाभ (पीएटी) में 15% की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह वृद्धि प्राकृतिक गैस विपणन, गैस संचरण खंड तथा लिक्विड हाइड्रोकार्बन (एलएचसी) में बेहतर वित्तीय निष्पादन का परिणाम है। वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही की 1,122 करोड़ रुपए की तुलना में दिनांक 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही में कंपनी का कर पश्चात लाभ 1,288 करोड़ रुपए हुआ।

वर्ष दर वर्ष आधार पर वित्त वर्ष 2018-19 की समान तिमाही के 1,259 करोड़ रुपए की तुलना में 2% की बढ़ोतरी के साथ वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में गेल का कर पश्चात लाभ 1,288 करोड़ रुपए हुआ।

वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में 6% की बढ़ोतरी के साथ सकल बिक्री 18,276 करोड़ रुपए रही जबकि वित्त वर्ष 2018-19 की प्रथम तिमाही में यह 17,262 करोड़ रुपए थी। सकल मार्जिक (ईबीआईटीडीए) वित्त वर्ष 2018-19 की प्रथम तिमाही में 2,363 करोड़ रुपए था जो वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में 2% की वृद्धि के साथ 2,410 करोड़ रुपए हुआ। वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में 2% की बढ़ोतरी के साथ कर पूर्व लाभ 1,981 करोड़ रुपए हुआ जबकि वित्त वर्ष 2018-19 की प्रथम तिमाही में यह 1,940 करोड़ रुपए था।

डॉ. आशुतोष कर्नाटक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में पेट्रोकेमिकल में कम निष्पादन रहा परंतु प्राकृतिक गैस विपणन तथा संचरण खंड में बेहतर वित्तीय निष्पादन के कारण निवल लाभ में वृद्धि रही।

समेकित आधार पर वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में 5% की बढ़ोतरी के साथ सकल बिक्री 18,445 करोड़ रुपए हुई जबकि वित्त वर्ष 2018-19 के प्रथम तिमाही में यह 17,536 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही में 4% की बढ़ोतरी के साथ कर पूर्व लाभ 1,504 करोड़ रुपए हुआ जबकि वित्त वर्ष 2018-19 की प्रथम तिमाही में यह 1,443 करोड़ रुपए था।